संचिका सं०–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 06

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

डॉ0 एस0 सिद्धार्थ,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
जिलों के सभी प्रभारी सचिव,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक,
सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक,
सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

पटना–15, दिनांक– 06.01.2025

विषय : माननीय मुख्यमंत्री की **'प्रगति यात्रा'** के कार्यक्रम के संबंध में।

महाशया / महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक–16.01.2025 से दिनांक–29.01.2025 तक राज्य में **'प्रगति यात्रा'** के जनवरी माह **(तृतीय चरण)** का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

इस यात्रा में सामान्य दैनिक कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे।

1. विभिन्न योजनाओं से संबंधित क्षेत्र भ्रमण।
2. जिलास्तरीय समीक्षा बैठक।

माह जनवरी, 2025 **(तृतीय चरण)** में माननीय मुख्यमंत्री की **'प्रगति यात्रा'** का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

भ्रमण तालिका

क्रमांक	तिथि	दिन	जिला का नाम	रात्रि विश्राम
01	16.01.2025	वृहस्पतिवार	खगड़िया	वापस पटना
02	18.01.2025	शनिवार	बेगूसराय	वापस पटना
03	20.01.2025	सोमवार	सुपौल	मधेपुरा
04	21.01.2025	मंगलवार	किशनगंज	मधेपुरा
05	22.01.2025	बुधवार	अररिया	मधेपुरा
06	23.01.2025	वृहस्पतिवार	सहरसा	वापस पटना
07	27.01.2025	सोमवार	पूर्णिया	मधेपुरा

08	28.01.2025	मंगलवार	कटिहार	मधेपुरा
09	29.01.2025	बुधवार	मधेपुरा	वापस पटना

जिलास्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष, संबंधित जिला के अध्यक्ष, जिला परिषद् एवं केवल जिला मुख्यालय के महापौर/नगर परिषद् के अध्यक्ष उक्त कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

जिला के माननीय प्रभारी मंत्री, माननीय मंत्री (गृह जिला), जिला के सभी माननीय सांसद, माननीय विधायक, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद् (अपने द्वारा चिन्हित एक जिले में) तथा राज्यस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अपने गृह जिला में उक्त कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। समीक्षा के बिन्दु निर्धारित विषय-वस्तु के अंतर्गत ही होंगे। जिलाधिकारी उपर्युक्त महानुभावों को ससमय बैठक में भाग लेने की सूचना अपने स्तर से देंगे।

स्थानीय भ्रमण के दौरान जिन विभागों की योजनाओं का उदघाटन/शिलान्यास/अवलोकन किया जाना है, जिला पदाधिकारी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव को ससमय संसूचित करेंगे।

संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी इस कार्यक्रम की सुरक्षा तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगे।

अतः अनुरोध है कि **'प्रगति यात्रा'** के दौरान निर्धारित किए गए विषयों/आयोजनों एवं समीक्षा बैठकों में सभी जिला से संबंधित पदाधिकारिगण पूर्ण तैयारी के साथ ससमय उपस्थित रहने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

6/1/2025

(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी०एस०/एम०-29/2024 06 /पटना-15, दिनांक- 06.01.2025

प्रतिलिपि-मुख्य सचिव, बिहार/पुलिस महानिदेशक, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया उक्त तिथियों को कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए अवगत कराने की कृपा की जाय।

6/1/2025

(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी०एस०/एम०-29/2024 06 /पटना-15, दिनांक- 06.01.2025

प्रतिलिपि-विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

6/1/2025

(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–29/2024 ...06......../पटना–15, दिनांक–06.01.2025

प्रतिलिपि–सभी माननीय प्रभारी मंत्रीगण एवं जिला के निवासी सभी माननीय मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि माननीय मंत्रीगण को अवगत कराने की कृपा की जाय।

6/1/2025

(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–29/2024 ..06......../पटना–15, दिनांक–06.01.2025

प्रतिलिपि–मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/1/2025

(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–29/2024 ..06......../पटना–15, दिनांक–06.01.2025

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/1/2025

(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)
अपर मुख्य सचिव